दिनांक–12.12.2025 को प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजनान्तर्गत भागलपुर जिलान्तर्गत अंचल–गोराडीह, मौजा–अजीजपुर पिथना में 560 आवासन क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य का परिवाद निस्तार पर विचार करने हेतु निगम निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः–

---

उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि**<br>प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर**<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–<br>सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | सदस्य |
| 3. | **श्री अनिल कुमार**<br>मुख्य महाप्रबंधक,<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 4. | **श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी**<br>महाप्रबंधक (दक्षिण),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 5. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 6. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>महाप्रबंधक (वित्त),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजनान्तर्गत भागलपुर जिलान्तर्गत अंचल–गोराडीह, मौजा–अजीजपुर पिथना में 560 आवासन क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य। |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹5632.60 लाख अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का ज्ञापांक–106 दिनांक–23.05.2025. |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | – | ₹5784.92 लाख, दिनांक–27.08.2025. |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹54,97,65,067.00 |
| 5. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 6. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दिनांक–24.07.2025 को प्रभात खबर में |
| 7. | निविदा संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 31/2025–26(Gr.-1),002349;B&Cद्ध2025–26 |
| 8. | निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय | – | दिनांक–29.08.2025 से 22.09.2025 के 15:00 बजे तक |
| 9. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय | – | दिनांक–23.09.2025 के 15:00 बजे तक |
| 10. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | – | दिनांक–24.09.2025 के 15:00 बजे |

11 निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता –

(i) M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101.

(ii) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd., Jamui Bazar, Show Room, Near Jamui Police Station, Distt.- Jamui, Pin-811307.

(iii) Shree Bala Ji Engicons Ltd., P.O.- Belpahar, Jharsuguda, Odisha- 768217.

(iv) Vaishno PB (JV), Patliputra Enclave , Patna.

12.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः–

विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक–26.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की अनुशंसा के आलोक में सर्वसम्मति से निगम निविदा समिति की दिनांक–01.12.2025 की बैठक में इस निविदा में शामिल कुल चार निविदादाताओं में से दो निविदादाताओं (i) M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101 (ii) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd., Jamui Bazar, Show Room, Near Jamui Police Station, Distt.- Jamui, Pin-811307 को तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **सफल** एवं शेष दो निविदादाताओं (i) Shree Bala Ji Engicons Ltd., P.O.-Belpahar, Jharsuguda, Odisha- 768217 (ii) Vaishno PB (JV), Patliputra Enclave , Patna को तकनीकी बीड में **नॉन रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **असफल** घोषित किया गया था। साथ ही निगम निविदा समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर रखा जाय। दिनांक–08.12.2025 के अपराह्न 12.30 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवाद प्राप्त होता है, तो मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में तकनीकी बीड में सफल सभी निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर निविदा निष्पादन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

उक्त क्रम में दिनांक–05.12.2025 को Mukesh Yadav, Mob No. 7484068769 द्वारा परिवाद समर्पित किया गया, जो निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 सं0 | परिवादी का नाम एवं पता | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|---|
| 1 | मुकेश यादव, राजेन्द्र नगर, पटना, Mob No.7484068769 | उपर्युक्त निविदा के तकनीकी बीड में बाल कृष्ण भलोटीया को सफल कर दिया गया हैजबकि पथ निर्माण विभाग के पत्रांक– 515(E) दिनांक–22.01.2025 के द्वारा इन्हें 10 वर्ष के लिए कालीकृत कर दिया गया है। विषयांकित निविदा में जो योग कागजात इन्होंने अपलोड किया | परिवादी मुकेश यादव, राजेन्द्र नगर,पटना, द्वारा समर्पित परिवाद के आलोक में इनके द्वारा परिवाद के साथ संलग्न पथ निर्माण विभाग के सकारण आदेश सहपठित ज्ञापांक–प्र0–7/ विविध– 04–88/2024 748 (E) /पटना दिनांक–30.01.2025 की समीक्षा की गई। उक्त में स्पष्ट वर्णित है कि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उसमें अपने कार्यकाल को छिपा लिया गया है एवं छिपा कर निविदा में भाग लिया है।<br>छायाप्रति संलग्न– | एकरारनामा एवं विहित विर्निदेश के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक हेतु बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 की कंडिका 11(क)(ii) एवं विभागीय कार्यालय आदेश सं0–154 सह–पठित ज्ञाप8ांक–5403(एस0) दिनांक–18.06.2015 की कंडिका–8 के उपकंडिका–1(d) के आलोक में संवेदक बालकृष्ण भलोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई थाना के निकट, जमुई–811307, निबंधन संख्या 1230031 को 10 वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है।<br>परन्तु पथ निर्माण विभाग के विभागीय वेबसाईट से पथ निर्माण विभाग का आदेश सह–पठित ज्ञापांक– प्र0–7 / विविध–04–88 / 2024 5261 (E) / पटना दिनांक–08.08.2025 डाउनलोड किया गया। उक्त आदेश में स्पष्ट वर्णित है कि– **"विभागीय पत्रांक–748(E) दिनांक–30.01.2025 द्वारा संवेदक बालकृष्ण भलोटिया कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई के निबंधन संख्या–1230031 को कालीकृत किए जाने के आदेश को निरस्त किया जाता है एवं अभियंता प्रमुख को निदेश दिया जाता है कि भविष्य में किसी संवेदक के विरूद्ध बिहार ठीकेदार निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई नियमावली में निहित प्रावधानों के अनुरूप की जाय"।**<br>ज्ञातव्य है कि विषयांकित निर्माण कार्य योजना का निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–31 / 2025–26 है जिसके लिए निविदा कागजात **डाउनलोड** करने की अंतिम तिथि–22.09.2025 एवं निविदा कागजात **अपलोड** करने की अंतिम तिथि– 23.09.2025 है। साथ ही संवेदक बालकृष्ण भलोटिया कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 को पथ निर्माण विभाग के आदेश सह–पठित ज्ञापांक– 5261(E) दिनांक–08.08.2025 द्वारा निबंधन संख्या 1230031 को 10 वर्षों के लिए कालीकृतीकरण से मुक्त कर दिया गया है।<br>अतः सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवादी के परिवाद को **अमान्य** करने की अनुशंसा निगम निविदा समिति से की गई है। |

**13.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक– 01.12.2025 को निगम निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखते हुए वित्तीय बीड खोलकर अग्रेतर कार्रवाई करने की अनुशंसा निगम निविदा समिति से की गई है।

**14.निगम निविदा समिति का निर्णयः–**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक–11.12.2025 की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक–01.12.2025 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखने का निर्णय लिया जाता है। उक्त आलोक में दोनों निविदादाताओं (i) M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101 (ii) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd., Jamui Bazar, Show Room, Near Jamui Police Station, Distt.- Jamui, Pin-811307 का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगे।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

12/12/2025
(विकास कु0 पाण्डेय)
महाप्रबंधक(वित्त),
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

12/12/2025
(विकास कु0 पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
भवन निर्माण विभाग
बिहार, पटना

12/12/25
(सत्येन्द्र कुमार चौधरी)
महाप्रबंधक(दक्षिण),
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

12/12/25
(अनिल कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

12.12.25
(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

12/12/25
(कुमार रवि)
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना